RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 73 • 29:03:2024 • शुक्रवार • मूल्य : 5/-

# पहली बार गायों में मिला बर्ड फ्लू का वायरस

**ये प्रवासी पक्षियों से आया; इससे दूध गाढ़ा और उसका रंग फीका हो रहा**

**टेक्सास (एजेंसी)।** गायों में पहली बार बर्ड फ्लू का वायरस पाया गया है। इस बीमारी के कारण गाय का दूध गाढ़ा हो रहा है और इसका रंग फीका पड़ रहा है। अमेरिका की गायों में ये बीमारी प्रवासी पक्षियों से आई है।

यूएस डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर ने इसकी पुष्टि की है। विभाग ने कहा कि टेक्सास और कैनसस के 4 डेयरी फार्मों में गायों में एवियन इन्फ्लूएंजा का टेस्ट पॉजिटिव आया है। न्यू मेक्सिको में भी मामलों की पुष्टि की गई है। हालांकि प्रभावित डेयरी फार्मों की संख्या नहीं बताई है।

**पाश्चराइजेशन कंज्यूमर्स को वायरस से बचाएगा-** इलिनोइस यूनिवर्सिटी के पशु चिकित्सक और इन्फ्लूएंजा रिसर्चर जिम लोव ने बताया कि दूषित दूध सिरप जैसा गाढ़ा दिखता है। अगर यह प्रोडक्ट लोगों तक पहुंच भी गया हो, तो भी पाश्चराइजेशन कंज्यूमर्स को वायरस से बचाएगा।



**प्रवासी पक्षियों से आया गायों में वायरस**

कुछ किसानों ने अपने खेत पर मरे हुए प्रवासी जंगली पक्षियों को देखा है, जिससे पता चला कि ये वायरस इन्हीं से आया है। अब तक इस वायरस से बहुत कम गायों की मौत हुई है, लेकिन संक्रमण के कारण दूध उत्पादन में 40 प्रतिशत तक गिरावट आई है।

**● लोगों को कोई खतरा नहीं**

टेक्सास डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर का कहना है कि वह वायरस के फैलने की मॉनिटरिंग कर रहा है। वहीं कमिश्नर सिड मिलर ने कहा कि लोगों की जान को इससे कोई खतरा नहीं है और दूध की सप्लाई में कोई कमी नहीं होगी।

**● क्या है बर्ड फ्लू वायरस?**

इसे एवियन इन्फ्लुएंजा वायरस भी कहते हैं। बर्ड फ्लू के सबसे कॉमन वायरस का नाम एच5एन1 है। यह एक खतरनाक वायरस है जो चिड़ियों के साथ इंसान और दूसरे जानवरों को भी संक्रमित कर सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, एच5एन1 को 1997 में खोजा गया था। इस वायरस से संक्रमित होने पर 60 प्रतिशत मामलों में मौत हो जाती है।

# गोविंदा शिवसेना शिंदे गुट में शामिल

**मुंबई नॉर्थ-वेस्ट से चुनाव लड़ सकते हैं**

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड एक्टर गोविंदा महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए हैं। वे गुरुवार (28 मार्च) शाम करीब 5 बजे सीएम शिंदे के साथ मुंबई स्थित



शिवसेना ऑफिस पहुंचे। इसके थोड़ी देर बाद उन्होंने पार्टी जॉइन कर ली।शिवसेना जॉइन करने के बाद गोविंदा ने कहा- मैं 2004 से 2009 तक राजनीति में था। ये संयोग है कि 14 साल बाद मैं फिर से राजनीति में आया हूं। मुझ पर जो विश्वास किया गया है, मैं उसे पूरी तरह से निभाऊंगा। शिवसेना गोविंदा को मुंबई की नॉर्थ-वेस्ट लोकसभा सीट से टिकट दे सकती है। महाराष्ट्र में भाजपा 27, शिवसेना 14 और एनसीपी 5 सीटों पर लड़ सकती है चुनाव महाराष्ट्र में भाजपा, शिवसेना और एनसीपी के गठबंधन के बीच लोकसभा चुनाव के लिए सीट शेयरिंग फॉर्मूला लगभग तय हो गया है। सूत्रों के मुताबिक, राज्य की 48 लोकसभा सीटों में से भाजपा 27 पर, शिवसेना 14 पर और एनसीपी 5 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसकी आधिकारिक घोषणा जल्द होने की संभावना है।

# अरविंद केजरीवाल को कोर्ट से लगा झटका

**1 अप्रैल तक ईडी की रिमांड पर रहेंगे दिल्ली के सीएम**



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने आबकारी नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी की हिरासत बृहस्पतिवार को एक अप्रैल तक बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख केजरीवाल की सात दिन की हिरासत का अनुरोध किया, लेकिन अदालत ने कहा कि उन्हें एक अप्रैल को दिन में 11 बजे अदालत में पेश करना होगा। ईडी ने केजरीवाल को राउज एवेन्यू अदालत की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया क्योंकि उनकी वर्तमान हिरासत बृहस्पतिवार को समाप्त हो रही थी।

● **मुख्यमंत्री जवाब देने में टालमटोल कर रहे- ईडी-** ईडी ने केजरीवाल की और सात दिन की हिरासत का अनुरोध करते हुए कहा कि मामले से जुड़े कुछ लोगों से उनका आमना-सामना कराने की जरूरत है। ईडी ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल जवाब देने में टालमटोल कर रहे हैं और अपने डिजिटल उपकरणों के पासवर्ड का खुलासा नहीं कर रहे हैं। केजरीवाल ने अपनी दलील में कहा, ''आबकारी नीति मामले में चार गवाहों ने मेरा नाम लिया है। क्या किसी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने के लिए चार बयान पर्याप्त हैं?

● **भ्रष्ट होने की झूठी तस्वीर पेश की गई: केजरीवाल -** केजरीवाल ने आरोप लगाया कि शरत चंद्र रेड्डी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 55 करोड़ रुपये का चंदा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, ''मेरे पास इसके सबूत हैं। लेन देन साबित हो चुका है क्योंकि उन्होंने (रेड्डी) गिरफ्तारी के बाद धनराशि दान की थी।

**मुझे गिरफ्तार क्यों किया गया**

केजरीवाल ने कोर्ट के समक्ष अपनी गिरफ्तारी का विरोध करते हुए कहा, मुझे गिरफ्तार क्यों किया गया जबकि किसी भी अदालत ने मुझे दोषी नहीं माना है।

ईडी की मंशा मुझे अरेस्ट करने की थी। मेरा नाम सिर्फ चार लोगों के बयान में आया। जिन लोगों ने मेरे पक्ष में बयान दिया था उनके बयान जबरन मेरे विरोध में दिलावाए गए हैं। इस पर जज ने कहा कि आपने लिखित में बयान क्यों नहीं दिए।

**वकीलों के पत्र पर पीएम मोदी ने दी प्रतिक्रिया**

# 'दूसरों को डराना-धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति'

● देश के 600 से अधिक वकीलों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को लिखा पत्र, न्यायपालिका पर खतरा-न्यायपालिका को बचाना'

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** देश के 600 से अधिक वकीलों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को चिट्ठी लिखकर आरोप लगाया है कि एक निहित स्वार्थ वाला समूह 'बेकार के तर्कों और घिसे-पिटे राजनीतिक एजेंडा' के आधार पर न्यायपालिका पर दबाव डालने और अदालतों को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। अब इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, दूसरों को डराना-धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है। 5 दशक पहले उन्होंने स्वयं 'प्रतिबद्ध न्यायपालिका' का आह्वान किया था - वे बेशर्मी से अपने स्वार्थों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता चाहते हैं लेकिन राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से बचते हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि 140 करोड़ भारतीय उन्हें अस्वीकार कर रहे हैं।

इससे पहले सीनियर एडवोकेट हरीश साल्वे और 'बार काउंसिल ऑफ इंडिया' के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा समेत अनेक वकीलों ने प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि एक निहित स्वार्थ वाला



समूह 'बेकार के तर्कों और घिसे-पिटे राजनीतिक एजेंडा' के आधार पर न्यायपालिका पर दबाव डालने और अदालतों को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को 26 मार्च को लिखे गए पत्र में कहा गया है, ''उनकी दबाव की रणनीति राजनीतिक मामलों में, विशेषकर उन मामलों में सबसे ज्यादा स्पष्ट होती है जिनमें भ्रष्टाचार की आरोपी राजनीतिक हस्तियां होती हैं। ये रणनीतियां हमारी अदालतों के लिए हानिकारक हैं और हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने को खतरे में डालती हैं। आधिकारिक सूत्रों द्वारा साझा किए गए पत्र में बिना नाम लिए वकीलों के एक वर्ग पर निशाना साधा गया है और आरोप लगाया गया है कि वे दिन में राजनेताओं का बचाव करते हैं और फिर रात में मीडिया के माध्यम से न्यायाधीशों को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। पत्र में कहा गया है कि यह समूह अदालतों के कथित बेहतर अतीत और सुनहरे दौर की झूठी कहानियां बनाता है और इसकी तुलना वर्तमान में होने वाली घटनाओं से करता है। पत्र में दावा किया गया है कि उनकी टिप्पणियों का उद्देश्य अदालतों को प्रभावित करना और राजनीतिक लाभ के लिए उन्हें असहज करना है।

# उत्तराखंड के नानकमत्ता डेरा प्रमुख की हत्या

● बाइक सवार बदमाशों ने तरसेम सिंह पर बरसाईं गोलियां

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड के नानकमत्ता डेरा के प्रमुख जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की गुरुवार सुबह हत्या कर दी गई। बाइक से पहुंचे दो बदमाशों ने डेरे के अंदर उन पर



गोलियां दागीं। उन्हें खटीमा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) का गठन कर दिया गया है। गुरुवार सुबह 6.15 बजे दो हमलावर मौके पर पहुंचे और वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। बाबा तरसेम सिंह की पहचान पूरे राज्य में थी।

# जयपुर में लॉन्च होगा कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र

● खड़गे, सोनिया और राहुल की 6 अप्रैल को सभा, 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट आज-कल में आएगी



**जयपुर (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का घोषणा पत्र इस बार जयपुर से लॉन्च होगा। कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी 6 अप्रैल को जयपुर में कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र को लॉन्च करेंगे। तीनों नेता जयपुर में चुनावी सभा को भी संबोधित करेंगे। इस लोकसभा चुनाव में सोनिया, राहुल और खड़गे की यह पहली चुनावी सभा होगी। कांग्रेस वॉर रूम में सोनिया गांधी की सभा की तैयारियों को लेकर जयपुर और आसपास की छह लोकसभा सीटों के वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। इस बैठक में प्रभारी सुखजिंदर रंधावा, पूर्व सीएम अशोक गहलोत और प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने 6 अप्रैल की चुनावी सभा की तैयारियों पर चर्चा की। नेताओं को भीड़ जुटाने का टास्क दिया।

**सोनिया ने चुनाव में सक्रियता बढ़ाई-** सोनिया गांधी ने लोकसभा चुनाव में सक्रियता बढ़ाई है। इस बार सोनिया गांधी टिकट फाइनल करने के लिए हुई सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की हर बैठक में मौजूद रही हैं। अब लोकसभा चुनाव के प्रचार में भी उतर कर सक्रियता बढ़ाई है।

**झारखंड भाजपा की बढ़ी मुश्किलें, रांची से 5 बार सांसद रहे रामटहल चौधरी कांग्रेस में शामिल**

**रांची (एजेंसी)।** रांची के पांच बार के सांसद और एक जमाने में झारखंड बीजेपी के कद्दावर नेता रहे रामटहल चौधरी कांग्रेस में शामिल हो गए। बड़ी बात यह रही कि रामटहल चौधरी को उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की मौजूदगी में दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी में शामिल कराया गया। रामटहल चौधरी और सुबोधकांत सहाय दोनों ने एक-दूसरे को हराने में सफलता हासिल की है। अब दोनों के एक मंच पर आ जाने से कई राजनीतिक समीकरणों में बदलाव आने की उम्मीद हैं।





# तेजस के एडवांस वर्जन मार्क-1ए विमान की पहली टेस्ट फ्लाइट

● एडवांस्ड रडार और सेल्फ डिफेंस की क्षमता, वायुसेना ने 83 प्लेन का ऑर्डर दिया

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** देश में बने फाइटर जेट तेजस के एडवांस्ड वर्जन मार्क 1ए के पहले एयरक्राफ्ट की टेस्ट फ्लाइट कामयाब रही है। इस सीरीज के पहले एयरक्राफ्ट एलए 5033 ने बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड सेंटर में 15 मिनट की फ्लाइट ली। तेजस का पिछला वर्जन मार्क 1ए पहले ही वायुसेना में शामिल हो चुका है। नए वर्जन में एईएसए (एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे) रडार, एडवांस्ड बियॉन्ड-विजुअल रेंज मिसाइल और हमले से खुद को बचाने की क्षमता है।

# संजय राउत ने कहा सांगली नहीं छोड़ेंगे...

**इंडी गठबंधन को उद्धव गुट की चेतावनी**



**मुंबई (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के बाद भी इंडी गठबंधन में टिकट बंटवारे पर बात नहीं बन पाई है। महाराष्ट्र की बात करें तो अभी तक सभी सहयोगियों में खींचतान चल रही है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सेना (यूबीटी), कांग्रेस और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) महाराष्ट्र में विपक्षी गुट महा विकास अघाड़ी में भागीदार हैं और तीनों में अब तक बात नहीं बनी है। इस बीच आज शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र की सांगली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने पर अडिग है और वो समझौता नहीं करने वाली है। उन्होंने इसी के साथ अपने सहयोगियों को चेताते हुए कहा कि किसी को भी ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए जिससे सीधे तौर पर भाजपा को मदद मिले।

**इस तरह हुआ सीट बंटवारा-** बुधवार को अपनी पार्टी द्वारा सांगली सीट और मुंबई से कुछ उम्मीदवारों सहित 17 उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा के बाद राउत कांग्रेस की नाराजगी के बारे में सवालों का जवाब दे रहे थे।

## एनडीए के सांसद रहे अरुण कुमार ने चिराग पासवान को छोड़ा

**पटना (एजेंसी)।** बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि महागठबंधन में सबकुछ ठीक है। पूर्णिया, कटिहार, औरंगाबाद सीट के बारे में उन्होंने कहा कि अभी कोई फैसला नहीं हुआ है।

जहानाबाद के पूर्व सांसद डॉ. अरुण कुमार ने चिराग पासवान की पार्टी छोड़ दी है। उन्होंने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि चिराग पासवान ने मुझे धोखा दिया है। जिस पार्टी में मेरे बराबर का कोई नेता नहीं हो, वहां मेरी जगह दूसरे को टिकट दिया गया। मुझे लोकसभा टिकट नहीं दिया गया। यह मेरे साथ धोखा है। इसीलिए ऐसी पार्टी में रहने का कोई मतलब नहीं है।

**राहुल गांधी का पीएम मोदी पर कटाक्ष**

# 'मनरेगा श्रमिकों को बधाई, प्रधानमंत्री ने मजदूरी सात रुपए बढ़ाई'

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत मजदूरी में प्रतिदिन



चार से 10 रुपए तक की बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मनरेगा श्रमिकों को बधाई हो कि प्रधानमंत्री ने मजदूरी सात रुपए बढ़ा दी है।

**चार से 10 प्रतिशत के बीच बढ़ोतरी-** मनरेगा के तहत मजदूरी को संशोधित किया गया है। इसके अंतर्गत विभिन्न राज्यों के लिए चार से 10 प्रतिशत के बीच बढ़ोतरी की गई है। एक अधिसूचना के मुताबिक, इस योजना के तहत अकुशल श्रमिकों के लिए हरियाणा में प्रतिदिन 374 रुपए की उच्चतम मजदूरी दर है, जबकि अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड में सबसे कम 234 रुपए है।

**कांग्रेस 400 रुपए करेगी दैनिक मजदूरी-** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मनरेगा की मजदूरी दर में बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी पार्टी 'श्रमिक न्याय' गारंटी के तहत इस योजना के लिए दैनिक मजदूरी 400 रुपए करेगी।

**● मनरेगा श्रमिकों को बधाई**

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मनरेगा श्रमिकों को बधाई! प्रधानमंत्री ने आपका मेहनताना सात रुपए बढ़ा दिया है। अब शायद वह आपसे पूछें 'क्या कीजिएगा आप इतनी बड़ी धनराशि का रू. 700 करोड़ खर्च कर आपके नाम पर 'धन्यवाद मोदी' का अभियान भी शुरू कर दें। उन्होंने कहा, ''जो मोदी जी की इस अपार उदारता से नाराज़ हैं, वो याद रखें कि 'इंडिया' गठबंधन की सरकार पहले दिन हर मज़दूर का मेहनताना बढ़ाकर 400 रुपए प्रतिदिन करने वाली है

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बोले-

# सरकार अग्निवीर योजना में बदलाव को तैयार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार जरूरत पड़ने पर अग्निवीर भर्ती योजना में बदलाव के लिए तैयार है। समिट में बोलते हुए रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि अग्निवीरों का भविष्य सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा- सेना को युवाओं की जरूरत है। मुझे लगता है कि युवा उत्साह से भरा होता है। वे टेक-लवर होते हैं। हमने इस बात का उचित ध्यान रखा है कि उनका भविष्य भी सुरक्षित रहे। जरूरत पड़ी तो हम बदलाव भी करेंगे। अग्निवीर स्कीम लागू होते ही विवादों में आ गई थी।

# लोकसभा चुनाव : बिहार में नेताओं की तकदीर लिखेंगे युवा और महिला वोटर



**पटना, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 की रणभेरी बज चुकी है। दोनों गठबंधन तैयारियों को अंतिम रूप दे चुके हैं। राज्य में इस बार सत्ता की चाबी युवा व महिला मतदाताओं के पास है। युवा और महिला मतदाता मिलकर कुर्सी तय कर सकते हैं। राजनीतिक दल भी इस सच्चाई से वाकिफ हैं। लिहाजा सभी राजनीतिक दलों का जोर इन्हीं दो वर्गों के मतदाताओं पर सबसे अधिक है। इतना ही नहीं, वोट प्रतिशत बढ़ाने के हर संभव प्रयास में लगा चुनाव आयोग भी इन वोटरों को अधिक से अधिक संख्या में बूथ तक पहुंचाने के लिए इन्हीं पर फोकस कर रहा है। प्रमंडलवार देखें तो सत्ता की कुर्सी बिहार में उसी के साथ जाएगी, जिनके साथ युवा और महिला वोटरों का हुजूम जाएगा। इस बात को इस तथ्य से समझा जा सकता है कि सूबे में कुल वोटरों की संख्या 7.64 करोड़ है। इनमें से युवा और महिला मतदाताओं की संख्या 94 फीसदी के आसपास है। इनमें युवा मतदाता 46.30 फीसदी और महिला वोटर 47 प्रतिशत हैं। सूबे में सबसे अधिक युवा वोटर तिरहुत प्रमंडल में हैं, जहां 18 से 39 वर्ष के वोटरों की संख्या 73 लाख के करीब है। दूसरे स्थान पर पटना है, जहां इस वर्ग आयु के वोटरों की संख्या 46 लाख है। वहीं, महिला वोटरों की बात करें तो इनकी सर्वाधिक संख्या भी तिरहुत प्रमंडल में है। तिरहुत में महिला वोटरों की संख्या 70 लाख को पार कर गई है। पटना प्रमंडल में 58 लाख से अधिक महिला वोटर हैं।

लोकसभा चुनाव में आयोग का ध्यान भी इसी आयु वर्ग के वोटरों पर सबसे ज्यादा है। वोट प्रतिशत का राष्ट्रीय औसत 67.3 फीसदी के आंकड़े को छूने के लिए इन वोटरों का बूथ तक पहुंचना आयोग को जरूरी जान पड़ता है। यही वजह है कि आयोग ने सभी जिलों को युवा व महिला वोटरों को बूथ तक लाने और उनका मतदान सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। पिछले कुछ चुनावों का अनुभव यह रहा है कि युवा मतदाता वोट देने में ज्यादा उत्साहित नहीं रहते हैं। इस बार चुनाव आयोग ने उन्हें वोटर बनाने से लेकर मतदान के प्रति उन्हें उत्साहित करने का अभियान चलाया है। तिरहुत प्रमंडल अव्वल है तो पटना दूसरे नंबर पर है।

### राजनीतिक दलों के एजेंडे में युवा व महिला

सभी दल युवाओं और महिला मतदाताओं से जुड़े मुद्दों और योजनाओं को अपने घोषणा पत्र में शामिल करने में प्राथमिकता देते रहे हैं। भाजपा की ओर से युवा, महिला, किसानों की बात की जा रही है। दूसरी ओर, राजद रोजगार को मुख्य मुद्दा बना रहा है।



## गेहूं के खेत में मिला महिला का शव :दहेज के लिए हत्या कर घर से 4 किमी दूर फेंकी लाश

**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** वैशाली में गेहूं के खेत में विवाहिता का शव मिला है। महिला की हत्या उसके ससुराल वालों ने कर दी। ससुराल वाले दहेज मांग रहे थे। न देने पर वारदात को अंजाम दिया। हत्या के बाद महिला के शव को घर से चार किमी दूर गेहूं के खेत में फेंक दिया। ग्रामीणों की नजर लाश पर पड़ी तो सूचना पुलिस को दी गई। जुड़ावनपुर थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव की पहचान होने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। मृतका बेगूसराय जिले के सिंघौल ओपी क्षेत्र के कमरुद्दीन गांव निवासी महेंद्र यादव की 20 वर्षीय पुत्री आरती देवी है। घटना जुड़ावनपुर थाना के राघोपुर घाट जाने वाले रोड राघोपुर पश्चिमी पंचायत की है।

**गर्दन और शरीर पर कई जख्म के निशान :** आरती की शादी 29 मई 2023 को पहाड़पुर पश्चिमी गांव निवासी सुजीत कुमार के साथ हुई थी। उस समय उपहार स्वरूप दहेज और सारे सामान दिए गए थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच-पड़ताल करने में जुटी है। महिला के गर्दन और शरीर पर कई जख्म के निशान मिले हैं।

### जांच-पड़ताल की जा रही है

जुड़ावनपुर थाना अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि एक महिला की लाश मिलने की सूचना मिली थी। घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मृतक की पहचान पहाड़पुर पश्चिमी पंचायत के सुजीत कुमार की पत्नी आरती देवी के रूप में हुई है। दहेज हत्या का मामला सामने आया है। फिलहाल जांच-पड़ताल की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### गाड़ी पर चढ़ तलवार से केक काटने का वीडियो वायरल

**भागलपुर/अकबरनगर, एजेंसी।** नेता न कौनो विधायक है, मजनुआ हमार खलनायक है और एरिया में सगरे हमरे चलेला शासन रे... इन गानों पर तलवार लेकर केक काटते हुए युवकों का वीडियो वायरल हो रहा है। हालांकि इस वायरल विडियो की पुष्टि हिन्दुस्तान अखबार नहीं करता है। इस घटना के बाद अकबरनगर पुलिस कारवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार अकबरनगर थाना क्षेत्र ईंट-भट्ठा के समीप युवकों ने कुछ अलग ही अंदाज में अपने दोस्त का बर्थडे सेलीब्रेट किया। वे वाहन के बोनेट पर केक रख मोमबत्ती जलाकर केक काटने के लिए दोस्त को तलवार दिया। केक काटने के बाद इसकी विडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। वीडियो वायरल होते ही पुलिस की नजर पड़ गई है। अब पुलिस युवकों की तलाश में जुटी हुई है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के चलते जिले भर में आचार संहिता लागू है। इस मामले में थाना प्रभारी रोहित रितेश ने कहा कि तलवार से केक काटने का एक वीडियो वायरल हुआ है। इस तरह का कृत्य करने वालों को जल्द ही चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### पेनाल्टी शूट आउट में चांयटोला की टीम विजेता

**भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी।** कहलगांव प्रखंड के मध्य विद्यालय देवरी महेशपुर खेल मैदान पर आयोजित स्टूडेंट फुटबॉल क्लब के तत्वाधान में आयोजित 22वीं फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ बुधवार को किया गया। उद्घाटन मैंच कैथपुरा चांयटोला की टीम और डोभी की टीम के बीच खेला गया। खेल समाप्ति तक दोनों टीम गोल नहीं कर सकी। पेनाल्टी शूट आउट में चांयटोला की टीम ने डोभी की टीम को 4-3 गोल से पराजित कर मैच पर कब्जा जमाया। मैच में निर्णायक की भूमिका में दिलखुश कुमार और सीमा निरीक्षक देवलाल कुमार, सिन्टू कुमार थे। उदघोषक के रूप में यांगेश कुमार सोनी, निलेश प्रियदर्शी, तथा स्कोरर अभिषेक थे। इस अवसर पर मुखिया रेखा देवी, सरपंच जुली देवी, पंचायत समिति सदस्य उदय कुमार मंडल, पूर्व सरपंच रतिकांत मंडल व आयोजन समिति के अध्यक्ष भानु प्रताप थे।

### पूर्व के विवाद में युवक को मारी गोली, जख्मी



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में बदमाशों ने बुधवार की शाम शौच जा रहे एक युवक को गोली मार जख्मी कर दिया। मामला नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत किशनपुर गांव का है। जख्मी की पहचान किशनपुर गांव निवासी गणेश प्रसाद का (20) वर्षीय बेटे सूरज कुमार के रूप में किया गया है। घायल को इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में जख्मी के पिता ने बताया कि उनका बेटा शाम में शौच करने के लिए खेत की ओर गया था। तभी घात लगाए बदमाशों ने गोली मार दी। गोली की आवाज सुन वह खेत की ओर दौड़े इसके बाद जख्मी हालत में बेटे को इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया। गनीमत रही की गोली पैर को छूकर निकल गई। परिजन पूर्व के विवाद को लेकर बदमाशों पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगा रहे हैं। फिलहाल परिजन घटना के कारणों के बारे में स्पष्ट रूप से कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं। वहीं, इस मामले में नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया गोतीया के बीच पूर्व से विवाद चला आ रहा है। इसी विवाद में मारपीट की घटना हुई है। गोली लगने की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। जख्मी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## क्या मुकेश सहनी की लालू-तेजस्वी से बनेगी बात? वीआईपी चीफ ने आरजेडी से मांगीं तीन लोकसभा सीटें



**पटना, एजेंसी।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के मुखिया मुकेश सहनी इस बार महागठबंधन में रहकर लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। बताया जा रहा है कि एनडीए से डील नहीं होने के बाद सहनी अब लालू एवं तेजस्वी यादव के संपर्क में हैं। आरजेडी से उनकी बात चल रही है। मुकेश सहनी ने 2019 की तर्ज पर तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की मांग की है। अगर आरजेडी से उनकी बात बन गई तो शुक्रवार को गठबंधन का ऐलान हो सकता है। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि मुकेश सहनी की महागठबंधन में एंट्री के लिए आरजेडी तैयार है। सहनी की पार्टी ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव आरजेडी को दिया है। ये सीटें कौनसी हैं यह अभी पता नहीं चल पाया है। हालांकि, लालू एवं तेजस्वी तीन सीटें मुकेश सहनी को देने पर मानेंगे या नहीं, यह साफ नहीं हो पाया है। मुकेश सहनी पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि जो भी गठबंधन निषादों को आरक्षण देने का वादा करेगा, वे उसी से हाथ मिलाएंगे। बीजेपी से उनकी इसी मुद्दे पर बात नहीं बन पाई और वीआईपी एनडीए में शामिल नहीं हुई।

### नीतीश ने कुशवाहा से पूछा- कहां चले गए थे, आया ये जवाब

बता दें कि 2019 में भी मुकेश सहनी की पार्टी महागठबंधन में रहकर लोकसभा चुनाव लड़ी थी। उस वक्त वीआईपी ने मुजफ्फरपुर, खगड़िया और मधुबनी में अपने प्रत्याशी उतारे थे। खगड़िया से मुकेश सहनी खुद चुनाव लड़े थे। हालांकि, उस चुनाव में तीनों सीटों पर उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार सहनी मुजफ्फरपुर से चुनावी मैदान में उतर सकते हैं।

## दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, चार जख्मी

**मुजफ्फरपुर/ मोतीपुर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के मोरसंडी के समीप कोदरिया घाट पुल के पास मंगलवार की देर शाम दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत हो गयी, जबकि एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी लाया, जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से जख्मी युवक को एसकेएमसीएच रेफर कर दिया। मृतक की पहचान सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र के गोसाईपुर के नंदकिशोर सहनी के पुत्र सुजीत कुमार के रूप में हुई है। वहीं जख्मी की पहचान नरियार नवादा गांव के प्रभु सहनी के पुत्र रामबाबू सहनी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बाइक सवार सूरज कुमार अपने बहनोई के साथ सामान की खरीदारी के लिए बाइक से पंसलवा चौक आ रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक टकरा गई।

## नीतीश जानते थे कि सहयोगी दलों को लालू अपमानित करेंगे, इसलिए उन्होंने उनके साथ गठबंधन तोड़ लिया-नीरज कुमार

**पटना, एजेंसी।** जेडीयू के एक वरिष्ठ नेता ने बुधवार को दावा किया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जानते थे कि सहयोगी दलों को आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव द्वारा अपमानित किया जाएगा, इसलिए उन्होंने उनके साथ गठबंधन तोड़ लिया। नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के मुख्य प्रवक्ता और विधान पार्षद नीरज कुमार ने आरजेडी द्वारा कांग्रेस पर प्रहार करने का जिक्र करते हुए यह दावा किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, आरजेडी की भरोसेमंद सहयोगी रही है, हालांकि गठबंधन के कारण पिछले कुछ वर्षों में उसे अपना जनाधार खोना पड़ा है। हाल के दिनों में कांग्रेस ने अपने वोट शेयर में वृद्धि 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में हुयी थी, तब हम भी उस गठबंधन का हिस्सा थे।

जेडीयू नेता ने पूछा कि आरजेडी और कांग्रेस का यह कैसा गठबंधन है कि राजद अपनी इच्छानुसार लोगों को पार्टी का टिकट दे रहा है और कांग्रेस के हितों की बिल्कुल भी परवाह नहीं कर रहा है। लालू यादव के महागठबंधन द्वारा सामूहिक तौर सीट बंटवारे की घोषणा किए जाने के बिना बिहार में लगभग एक दर्जन सीटों पर उम्मीदवारों को एकतरफा पार्टी टिकट दे दिए जाने से अचंभित कांग्रेस उम्मीद कर रही है कि आरजेडी उसकी चिंताओं का समाधान करेगा। लालू ने जिन सीटों पर टिकट दिया है उनमें औरंगाबाद और पूर्णियां सीट शामिल है। कांग्रेस औरंगाबाद से पूर्व सांसद निखिल कुमार को मैदान में उतारना चाहती थी जबकि पूर्णियां से राजेश रंजन उर्फ पप्पु यादव को टिकट देने का आश्वासन दिया था। पूर्णियां लोकसभा सीट से आरजेडी ने जेडीयू से पाला बदलने वाली बीमा भारती को टिकट देने का आश्वासन दिया है। नीरज कुमार ने कहा कि यह यूं ही नहीं है कि हमारे नेता नीतीश कुमार 'इंडिया' गठबंधन में जल्द सीट बंटवारे की मांग कर रहे थे। उन्होंने सहयोगियों को अपमानित करने की आरजेडी की योजना को भांप ली थी। इसलिए उन्होंने उसे सबक सिखाया। जेडीयू नेता का इशारा महागठबंधन से नीतीश कुमार के नाता तोड़कर बिहार में एनडीए की नई सरकार बना लिए जाने की ओर था। उन्होंने कहा कि अब यह कांग्रेस को दिखाना है कि उसके पास रीढ़ है या नहीं। राहुल गांधी ने देशव्यापी पदयात्रा की है और वह 1990 के दशक के बाद ऐसा करने वाले पहले नेता बन गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ही बिहार में एक सीट जीतने में कामयाब रही थी जबकि आरजेडी एक भी सीट नहीं जीत पायी थी। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव में आरजेडी को उसके सहयोगी दल सबक सिखाएंगे। अगर ऐसा नहीं हुआ तो भी बिहार की जनता इस पार्टी को सबक सिखाएगी।

## दो प्रेमियों के साथ मिलकर पत्नी ने पति को मौत के घाट उतारा, हाथ-पैर और सिर काट दिया



**नवादा, एजेंसी।** बिहार के नवादा जिले में बीते 12 मार्च को युवक की निर्मम हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मृतक सुनील रजक (45) रोह थाना क्षेत्र के बारा पांडेया गांव के स्व. रामधनी रजक का बेटा था। इस संबंध में पुलिस ने मृतक की पत्नी सरिता देवी समेत 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पत्नी ने अपने दो प्रेमियों (सुजीत सिंह और रजनीश विश्वकर्मा) के साथ मिलकर पति की निर्मम हत्या कर दी थी। मृतक सुनील रजक (45) रोह थाना क्षेत्र के बारा पांडेया गांव के स्व. रामधनी रजक का बेटा था। उसका सिर कटा शव 12 मार्च को बारा पांडेया गांव से करीब 500 मीटर दूर अनैला-सुंदरा मार्ग पर अनैला गांव के बधार से बरामद किया गया। उसके सिर के अलावा दोनों हाथ व पैर भी कटे थे, वे भी गायब थे।

नवादा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनोज कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक की ओर से इस घटना को लेकर जांच के लिए टीम बनाई गई थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि सुनील रजक की पत्नी सरिता देवी का प्रेम प्रसंग रोह बाजार स्थित रजनीश विश्वकर्मा और मुंबई के रहने वाले सुजीत सिंह से चल रहा है। रजनीश विश्वकर्मा और सुजीत सिंह दोनों पहले मुंबई में साथ में काम करते थे और अच्छे दोस्त भी थे। दोनों का अवैध संबंध सरिता देवी से था। जब सुनील को इसका पता चला तो विवाद शुरू हो गया। फिर अपने पति को रास्ते से हटाने के लिए सरिता ने अपने दोनों प्रेमियों के साथ मिलकर साजिश रची।

पुलिस के अनुसार पहले सरिता पति को मुंबई जाकर रहने के लिए कहने लगी। पति ने इस बात का विरोध भी किया। जब कुछ नहीं हो सका तो सरिता ने दोनों प्रेमी रजनीश विश्वकर्मा एवं सुजीत सिंह के साथ मिलकर अपने पति की हत्या कर रास्ते से हटा दिया। तीनों ने मिलकर नौ मार्च को मौका पाकर अनैला स्थित आरोपित रजनीश विश्वकर्मा की दुकान में ही उसने खुद और दूसरे प्रेमी सुजीत सिंह ने मिलकर सुनील रजक की हत्या गला काटकर कर दी। शव का दोनों हाथ-पैर काटकर अलग कर दिया। फिर बोरा में डालकर नहर में रात में फेंक दिया।

## सड़क हादसे में पंच की मौत:दूध सेंटर से वापस जा रहे थे घर, रास्ते में ट्रक रौंद कर हाजीपुर की तरफ निकल गया



**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र के दाउदनगर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने दाउदनगर पंचायत के वार्ड संख्या 4 के पंच को कुचल दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौत के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के बाद लोगों ने सड़क मार्ग को जाम कर दिया। घटना की सूचना पाकर बिदुपुर थाने की पुलिस ने मौके से पहुंचकर आक्रोशित लोगों को समझा-बूझाकर मामले को शांत किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया।

**खेतीबाड़ी और मवेशी पालन से परिवार का भरण-पोषण करते थे :** मृतक बिदुपुर थाना क्षेत्र के दाउदनगर गांव निवासी बलिराम शर्मा के 45 वर्षीय पुत्र पवन कुमार शर्मा बताए गए हैं, जो कि उसी पंचायत में वार्ड 4 के पंच भी थे। जो खेतीबाड़ी और मवेशी पालन कर अपना परिवार को भरण-पोषण कर रहे थे। वे बुधवार की देर शाम दाउदनगर स्थित दूध सेंटर में दूध लेकर गए थे। जैसे ही वे केंद्र में दूध जमा कर घर जाने लगे तभी तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ट्रक तेज रफ्तार में हाजीपुर की तरफ भागने में सफल हो गया। बिदुपुर थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अरुण कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में एक की मौत हुई है शव पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## तीन प्रखंडों में कांग्रेस के तीन नेताओं का निधन, कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**भागलपुर/नवगछिया, एजेंसी।** जिले के तीन प्रखंडों में कांग्रेस के तीन वयोवृद्ध नेताओं का निधन हो गया है। इनमें नवगछिया के जितेन्द्र प्रसाद सिंह का मंगलवार की रात्रि लगभग 80 वर्ष की उम्र में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। स्व. सिंह नवगछिया के प्रखर जनसेवक व कांग्रेस के समर्पित नेता थे। नवगछिया के पूर्व एसपी सुशांत कुमार सरोज के बड़े मामा थे। उनके निधन पर भागलपुर विधायक अजीत शर्मा के अलावा सुरेश भगत, पार्षद मुन्ना भगत, अशोक सिंह, शीतल सिंह निषाद, पूर्व प्रधानाध्यापक वीरेंद्र नारायण सिंह, लाल बहादुर सिंह आदि ने भी श्रद्धांजलि दी है। वहीं कहलगांव प्रखंड के वरिष्ठ कांग्रेसी बलराम पांडे का भी हृदय गति रुक जाने से मंगलवार की रात लगभग साढ़े 12 बजे निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर सुनकर प्रखंड के कांग्रेसियों में शोक की लहर फैल गयी। वरिष्ठ कांग्रेसी मदन मोहन सिंह ने बताया कि उपचार के क्रम में कानपुर में उनकी मौत हो गई। प्रखंड कांग्रेस भवन कहलगांव में शोकसभा का आयोजन किया गया।

## गर्मी की धमक के साथ जानलेवा एईएस का प्रकोप बढ़ा



### मुजफ्फरपुर एसकेएमसीएच में दो पीड़ित बच्चों का हुआ इलाज

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** मुजफ्फरपुर समेत बिहार के कई जिलों में बच्चों में फैलने वाली जानलेवा बीमारी का प्रकोप गर्मी की धमक के साथ बढ़ने लगा है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार दो बच्चों में एईएस की पुष्टि हुई है। इनमें से एक मुजफ्फरपुर के बोचहां और दूसरा सीतामढ़ी का है। दोनों बच्चों को चमकी बुखार के लक्षण मिलने के बाद एसकेएमसीएच में भर्ती किया गया था। दोनों में एईएस का कारण हाइपोग्लाइसीमिया बताया गया है। जानकारी के मुताबिक बोचहां की तीन वर्ष की मिक्की कुमारी में 21 मार्च को चमकी बुखार का लक्षण मिले थे। बीमार होने पर परिजनों ने एसकेएमसीएच के पीकू वार्ड में बच्ची को भर्ती कराया था। जांच में बच्ची में एईएस से पीड़ित होने की पुष्टि हुई। उसे 25 मार्च को ठीक होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया। एक अन्य बच्चा सीतामढ़ी के नानपुर के पांच वर्ष के गोलू कुमार को भी 21 मार्च को एसकेएमसीएच में एईएस का लक्षण पर भर्ती किया गया था। उसमें जांच के बाद इस बच्चे में भी एईएस की पुष्टि हुई। उसे ठीक होने के बाद 27 मार्च को डिस्चार्ज कर दिया गया। अस्पताल में अभी एईएस से पीड़ित एक भी बच्चा भर्ती नहीं है। जिले में इस वर्ष अब तक दो बच्चे एईएस पीड़ित मिल चुके हैं। मुजफ्फरपुर में इस साल एईएस का पहला मामला फरवरी में मिला था। सकरा के बच्चे में एईएस की पुष्टि हुई थी। मुजफ्फरपुर के अलावा, सीतामढ़ी के दो बच्चे एईएस पीड़ित पाए गए हैं। दोनों बच्चे नानपुर के ही हैं। 14 मार्च को नानपुर के एक बच्चे में एईएस मिला था। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ सतीश कुमार ने बताया कि एईएस को लेकर सभी पीएचसी व सीएचसी को अलर्ट मोड में रखा गया है।

### चमकी बुखार के साथ यह बीमारी पनपती

यह बीमारी अब तक हजारों बच्चों की जान ले चुकी है। गर्मी के मौसम में बच्चों में चमकी बुखार के साथ यह बीमारी पनपती है और समय से इलाज शुरू नहीं होने पर उनकी मौत हो जाती है। 2019 में एईएस ने पूरे देश की स्वास्थ्य व्यवस्था हिलाकर रख दिया था। तब के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्ष वर्द्धन ने मुजफ्फरपुर आकर खुद बच्चों का इलाज किया था।

## एक पार्टी के नस-नस में अराजकता-तानाशाही है: आनंद मोहन



**सीतामढ़ी, एजेंसी।** टिकट मिलने के बाद पहली बार शिवहर पहुंचे पूर्व सांसद आनंद मोहन ने राजद पर जमकर हमला बोला। पप्पू यादव को पूर्णिया से टिकट नहीं मिलने पर पूर्व सांसद आनंद मोहन ने राजद का नाम लिए बगैर कहा कि महागठबंधन में टिकट बंटवारे को लेकर अभी फैसला हुआ नहीं और एक पार्टी अपना सिंबल बांट रही है। दूसरे लोग टकटकी लगा रहे हैं कि हमारा क्या होगा। एक व्यक्ति अपने पार्टी को मर्ज करता है और कहता है कि मैं पूरी तरह से बर्बाद हो गया। पूर्व सांसद ने कहा कि बिहार की एक पार्टी के नस-नस में अराजकता भरा हुआ है, तानाशाही है। वह जब-जब मजबूत होती है बिहार भयाक्रांत हो जाता है। वाम दल और कांग्रेस को आत्म मंथन करना चाहिए कि हमारी स्थिति पूर्व में कैसी थी और अब लालू जी के आने के बाद उनकी स्थिति क्या हो गई है।

**एनडीए के सभी दल के साथ बैठक की :** उन्होंने कांग्रेस को नसीहत दी कि लालू की पार्टी से पिंड छुड़ा लेना चाहिए। बता दें कि शिवहर संसदीय क्षेत्र से जदयू उम्मीदवार लवली आनंद के जीत सुनिश्चित कराने के लिए एनडीए के सभी घटक दल के जिलाध्यक्ष के साथ बैठक की और आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को भी संबोधित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### बड़ी आपराधिक घटना को पुलिस ने किया विफल



**बेगूसराय**। बड़ी अपराधिक घटना करने की योजना को पुलिस ने किया विफल, हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार। दिनांक 27. 3. 2024 को समय करीब 8:45 बजे संध्या में मटिहानी थाना को गुप्त सूचना मिली, कि ग्राम मनियप्पा स्थित कुम्हरार टोली में एक व्यक्ति हथियार के साथ किसी बड़ी आपराधिक घटना करने की फिराक में है । प्राप्त सूचना पुलिस अधीक्षक बेगूसराय को दिया गया तथा निर्देशानुसार अजय कुमार राय एवं सशस्त्र बल मटिहानी थाना के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए, सूचना अनुसार ग्राम मनियप्पा स्थित कुम्हरार टोली पहुंचे । तो पुलिस टीम को देख एक व्यक्ति तेजी से भागने लगा जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से मनियप्पा पोखर के पास खरेदकर पकड़ा गया । पूछताछ में उसने अपना नाम दिनेश कुमार उर्फ डोरो पिता राम नरेश कुमार मनिप्पा वार्ड नंबर 6 थाना मटिहानी जिला बेगूसराय बताया । विधिवत तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया । विधिसम्मत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक लोकसभ चुनाव हेतु रणनीति



**बेगुसराय**। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक बेगूसराय लोकसभा चुनाव की तैयारियों, एनडीए घटक दलों के समन्वय तथा विधानसभा से संयुक्त एनडीए बैठक की व्यवस्था को लेकर संयोजक पूर्व विधानर परिषद रुदल राय की अध्यक्षता में जिलाअधिवक्ता संघ सभागार में आयोजित की गई।बैठक में कल 29 मार्च से 4 अप्रैल तक सभी विधानसभा क्षेत्र में राजग की संयुक्त बैठक करने का निर्णय लिया गया। निर्णय के तहत 29 मार्च को बेगूसराय प्रधान कार्यालय 30 मार्च को बखरी, रामा पैलेस 31 मार्च चेरिया बरियारपुर कोरजाना कोल्ड स्टोरेज, एक अप्रैल को तेघड़ा विधानसभा तथास्तु होटल 2 अप्रैल को मटिहानी 3 अप्रैल को शाहेवपुर कमाल लक्ष्मी गार्डन पंचवीर तथा 4 अप्रैल बछवारा के ईश्वर विवाह भवन वहरामपुर, मंसूरचक में आयोजित किया गया है।जदयू के जिला अध्यक्ष पूर्व विधान परिषद रूदल राय ने कहा कि बेगूसराय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के यशस्वी नेतृत्व में विकास की गंगा वही है जिसमें समाज के सभी वर्गों को लाभ मिला है। इस बार बेगूसराय में पिछला रिकॉर्ड टूटेगा तथा ऐतिहासिक जीत होगी। भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव वर्मा ने कार्यकर्ताओं से संयुक्त रूप से राजग गठबंधन के साथ समन्वय बनाकर वुथ स्तर तक संपर्क का आह्वान किया। लोजपा जिला अध्यक्ष प्रेम पासवान हम जिला अध्यक्ष पीयूष कुमार तथा रालोमा अध्यक्ष अनिल सिंह ने बेगूसराय में संयुक्त एनडीए अभियान चलाकर जीत का संकल्प व्यक्त किया बैठक की जानकारी देते हुए भाजपा नेता सांसद प्रतिनिधि अमरेंद्र कुमार अमर ने कहा कि बेगूसराय में विकास विरोधी अराजक वामपंथी ताकतों के साथ एनडीए के विकासवादी समाजवादी एवं राष्ट्रवादी ताकतों की लड़ाई है जिसमें एनडीए की ऐतिहासिक जीत होगी।बेगूसराय विकास की राह पर आगे बढ़ चुका है उसे विकास यात्रा में रोड़ा अटकाने बाले वामपंथी ताकतों को कभी भी स्वीकार नहीं कर सकता है।

### पुलिस अधीक्षक ने लगाया जनता दरवार



**बेगूसराय**। आज दिनांक 28.03.2024 (वृहस्पतिवार) को पुलिस कार्यालय, बेगूसराय में पुलिस अधीक्षक बेगूसराय के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें 35 लोगों की फरियादें, एक-एक कर प्रत्येक फरियादियों से मिलकर पुलिस अधीक्षक बेगूसराय द्वारा जन समस्याओं को सुना गया। इस दौरान मामले से संबंधित पुलिस अधिकारियों को भी जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गये है।

### फरार आरोपी गिरफ्तार भेजे गए जेल



**छौराही बेगूसराय**। छोराही थाना क्षेत्र में लगातार पुलिस छापेमारी कर रही है आरोपी छिपाने की लाख कोशिश कर रहा है किंतु पुलिस अपने करवाई कर गिरफ्तार करने में कामयाब हो रही है। जानकारी देते थाना अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एकंबा गांव निवासी दिलीप साहनी का पुत्र आजाद साहनी और सिंटू कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर कांड संख्या 297 ऑब्लिक 23 मध्य निषेध अधिनियम 2018 के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

### सड़क हादसे से उजड़ा दो परिवार, पसरा मातम

**खोदावंदपुर/बेगूसराय**। बुधवार की रात बेगूसराय-रोसड़ा मुख्य पथ एस एच 55 पर मंझौल बसौना मोड़ के समीप हुए सड़क हादसा में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत से एक साथ दो परिवार उजड़ गया. बताते चलें कि बलिया थाना क्षेत्र के समस्तीपुर चकवारी गांव के रहने वाले राम नारायण सिंह के 30 वर्षीय पुत्र बबलू कुमार बाइक से अपने घर से अपनी ससुराल मेघौल गांव आ रहे थे, तभी रास्ते में सड़क किनारे एक विद्युत पोल से टकरा जाने के कारण उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी. इस घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनों एवं ससुराल पक्ष के लोगों में कोहराम मच गया. मिली जानकारी के अनुसार बबलू कुमार अपने माता-पिता के इकलौते संतान थे. उनकी शादी वर्ष 2020 में मेघौल गांव निवासी जंगल सिंह की इकलौती पुत्री से हुई थी. जंगल सिंह को एकमात्र पुत्री ही है. मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक को एक चार माह की बच्ची है. इस घटना से दो परिवार उजड़ गया है.

# 11हजार विद्युत वोल्टेज तार के चपेट में आने से 36 वर्षीय युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**चाणक्य भूमि, भगवानपुर/ बेगूसराय**





तेयाय ओपी क्षेत्र के अतरुआ गांव में मंगलवार को होली के दिन बिजली की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई, जिसकी पहचान महेशपुर पंचायत के वार्ड संख्या 12 स्थित अतरुआ गांव निवासी मनटुन सहनी का 36 वर्षीय पुत्र तुलसी सहनी के रूप में हुई है। उक्त मामले में प्राप्त जानकारी के अनुसार तुलसी सहनी एक साथ बिजली मिस्त्री,टेंट बनाने व उक्त वार्ड का सफाई कर्मी का कार्य करता था। मंगलवार को लखनपुर पंचायत के वार्ड संख्या 1 स्थित मनसेरपुर अतरुआ स्थित एक घर में छठी भोज का कार्यक्रम था। जिसमें वह टेंट संबंधित कुछ कार्य छत पर कर रहा था तभी उक्त छत के उपर से गुजर रहे 11 हजार विद्युत वोल्टेज तार के चपेट में आ गया और उसे जोर का झटका लगा और वह पास अवस्थित एसबेस्टस छत को तोड़ते हुए नीचे जमीन पर गिर गया, जिससे उसका सिर,हाथ सहित अन्य अंग बुरी तरह ज़ख़्मी हो गया। गंभीर रूप से घायल तुलसी सहनी को उठाकर लोग इलाज हेतु डाक्टर के पास ले गए, जहां डाक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। तुलसी सहनी की मौत की खबर सुनते ही उसकी पत्नी आरती देवी सहित अन्य परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे। आक्रोशित परिजन मंगलवार शाम को शव को अतरुआ चौक के पास अतरुआ तेघड़ा पथ पर रख कर सड़क को जाम कर दिया, जिससे राहगीरों को आने जाने में घंटों परेशानी हुई। घटना की सूचना मिलते ही तेयाय ओपी प्रभारी चन्द्रकांत कुमार के नेतृत्व में अन्य पुलिस बल जाम स्थल पर पहुंच कर लोगों को समझा बुझाकर शव को कब्जे में लेकर देर शाम पोस्टमार्टम हेतू सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया। मृतक पांच छोटे छोटे बच्चे व पत्नी को छोड़ गए हैं। मृतक अपने 12 वर्षीय पुत्री राखी कुमारी,10 वर्षीय पुत्र किशन कुमार,8 वर्षीय पुत्र दिपक कुमार तथा 6 वर्षीय पुत्री आरुषि कुमारी तथा 4 वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी को अत्यंत गरीब बुढ़े पिता मनटुन सहनी के सहारे छोड़ गया है। घटनास्थल पर उमड़े भीड़ जहां एक ओर तुलसी सहनी के बेमौत मर जाने का शोक मना रहे थे, वहीं उसकी बेसहारा पत्नी आरती देवी सहित अनाथ हुए अबोध बच्चे पर तरस खा रहे थे। घटनास्थल से लेकर मृतक के घर तक चीख-पुकार मची हुई थी। मृतक मिलनसार और घर का अकेला कमाऊं था,आठ महीने पूर्व उसकी मां मोटरसाइकिल दुर्घटना की शिकार हो गई थी वहीं पांच दिन पहले उसका चाचा महेंद्र सहनी का देहांत हो गया था। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि लाली पासवान, स्थानीय जिला पार्षद रामप्रकाश पासवान, रसलपुर पंचायत के सरपंच रामसागर सहनी सहित अन्य गणमान्य लोग मौके पर पहुंचकर पीड़त परिजन को ढांढस बंधाते हुए कुछ आर्थिक सहयोग किया तथा सरकारी लाभ दिलाने का भी भरोसा दिलाया।पुलिस पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया ,जिसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

### चाकू बाजी करने वाला आरोपी को पुलिस ने मामला दर्ज कर न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया

**चाणक्य भूमि,। बरौनी/ बेगूसराय**

होली के दिन एक युवक ने रास्ते से गुजर रहे एक युवक को अभी लगा दी। जो उसे पसंद नहीं आई। दोनों के बीच तू- तू मैं -मैं होते ही रंग का विरोध करने वाले युवक ने अपने जेब से चाकू निकालकर होली खेल रहे युवक पर वार कर दिया ,जिसमें वह घायल हो गया? उपस्थित लोगों ने चाकू चलने वाले को दर्द पहुंचा और सूचना पाते ही फुलवैया थाना की पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों द्वारा पकड़े गए आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने घायल को इलाज में भेजकर, गिरफ्तार आरोपी को जांचों उपरांत फुलवरिया थाना कांड संख्या-37/24 दर्ज कर न्याय संगत धाराओं के तहत आरोपी को न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया।जबकि घटना से आक्रोशित लोगों ने घटना में घी डालने का काम शुरू कर दिया/ लेकिन प्रशासन की सतर्कता के कारण वैसे लोगों को मायूस होना पड़ा।

### 38 पीस नेपाली कस्तूरी शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**चाणक्य भूमि मैनाटांड़**

मैनाटांड़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने गस्ती के दौरान बुधवार संध्या को 38 पीस नेपाली 300 एम एल कस्तूरी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया एक व्यक्ति को नेपाल की तरफ से आते देखकर उसकी जांच की गई । जिसमें कुल 38 पीस कस्तूरी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है । शराब लेकर नेपाल से भारत में बेचने के लिए ला रहा था । शराब तस्कर को गिरफ्तार कर प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। शराब तस्कर की पहचान वीरजा शाह उम्र (60 ) वर्ष साकिन बभनौली थाना मैनाटांड़ के रूप में किया गया है । जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है ।

## मैनाटांड़ सड़क पर हुये जल जमाव से हो रही दुर्घटना प्रशासन बेखबर



**चाणक्य भूमि मैनाटांड़**

**मैनाटाड़** इनरवा मुख्य पथ में पुराना अस्पताल चौक के पास सड़क पर डेढ़ से दो फीट में जल जमाव लगा हुआ है।जल जमाव के निकासी को लेकर नही कोई जनप्रतिनिधि और नही कोई अधिकारी सजग है। जिससे जल जमाव से आये दिन दुर्घटना हो रहा है। वहीं राहगीर चोटिल हो रहे हैं ।बताते चले कि सड़क पर हुए गड्ढे के पास दोनों तरफ दुकानदारों ने अपने-अपने सामने मिट्टी भरकर ऊंचा कर लिया है। जिससे सड़क के पर लगे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है।पानी के निकासी को दुकानदारों ने बंद कर दिया है।जिससे हल्की बारिश में ही डेढ़ से दो फीट जल जमाव हो जा रहा है। खासकर महिला राहगीरों और स्कूली छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी हो रही हैं। वहीं सड़क में बने गड्ढे में अनजान राहगीर गिरकर चोटिला भी हो रहे हैं। लोगों ने जिला प्रशासन और पथ निर्माण से हस्तक्षेप कर जल जमाव की निकासी की मांग की है।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेघौल कन्या में वर्गकक्ष के अभाव में शिक्षकों व बच्चों को हो रही परेशानी



**चाणक्य भूमि, खोदावंदपुर/बेगूसराय**

खोदावन्दपुर प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेघौल कन्या में वर्गकक्ष के अभाव में बच्चों व शिक्षकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है. यह विद्यालय गायत्री मंदिर परिसर में वर्षों से संचालित हो रही है. इस विद्यालय के स्थापना काल से ही अबतक अपनी जमीन नहीं है. सन् 1950 के दशक में स्थापित इस विद्यालय का संचालन स्थान खानाबदोश की तरह बदलता रहा है. इस विद्यालय में मात्र दो कमरे हैं, यहां वर्ग प्रथम से वर्ग अष्टम तक की पढ़ाई की सुविधा है. इस विद्यालय में 256 बच्चे नामांकित हैं, जबकि यहां कुल 10 शिक्षकों का पदस्थापन है. जिसमें 4 शिक्षिकाएं एवं 6 शिक्षक शामिल हैं.प्राप्त जानकारी के अनुसार सन् 1950 के दशक में स्थापित किए गए लोअर प्राइमरी कन्या पाठशाला को सन 1980 के दशक में उत्क्रमित कर मध्य विद्यालय का दर्जा दिया गया. अपने स्थापना काल में इस विद्यालय को मेघौल गांव में एक निजी दरवाजे पर संचालित किया जाता था, उसके बाद इस विद्यालय का संचालन शहीद राधा जीवन स्मारक स्थल मेघौल में किया जाने लगा.लगभग डेढ़ दशक तक इसी जगह पर विद्यालय का संचालन हुआ, उसके बाद विद्यालय की तत्कालीन प्रधानाध्यापिका संध्या कुमारी के द्वारा अपनी निजी फूस की झोपड़ी में इसका संचालन किया गया. तत्कालीन प्रधानाध्यापिका की सेवानिवृति के बाद इस विद्यालय का संचालन मेघौल गांव के पश्चिमी टोला स्थित एक ठाकुरवाड़ी परिसर में किया जाने लगा, जहां वर्तमान समय में इस विद्यालय का संचालन किया जा रहा है. विद्यालय के दो कमरों में से एक कमरे में कार्यालय एवं दो वर्गों की कक्षा संचालित की जा रही है, जबकि दूसरे कमरे में दो वर्गों का संचालन होता है. इसके बरामदे पर भी दो वर्ग चलाया जा रहा है, जबकि बगल के गायत्री मंदिर परिसर में दो वर्गों की पठन-पाठन व्यवस्था की जा रही है. विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका इंद्राणी कुमारी एवं सहायक शिक्षक अवनीश कुमार वर्मा ने बताया कि वर्ग कक्ष के सर्वथा अभाव के कारण एक कमरे में कई वर्गों की पढ़ाई होने से पठन पाठन व्यवस्था प्रभावित होती है. विद्यालय भवन बनवाने के लिए जमीन की व्यवस्था की मांग जन- प्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों से कई बार की जा चुकी है, परन्तु इस समस्या का निराकरण अबतक नहीं किया गया है, जिससे छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है.

**कहते हैं पंचायत के मुखिया-** इस संदर्भ में पंचायत के मुखिया पुरुषोत्तम सिंह ने बताया कि यह विद्यालय वर्षों से भूमिहीन है, जिसके चलते गांव के ही गायत्री मंदिर परिसर में विद्यालय संचालित की जा रही है. भूमिहीन व भवनहीन के कारण यहां बच्चों एवं शिक्षकों को भी काफी परेशानी होती रहती है. बच्चों व शिक्षकों की समस्या को देखते हुए विद्यालय की अपनी जमीन के बारे में सार्थक प्रयास किया जा रहा है, जल्द ही इस विद्यालय को अपना जमीन उपलब्ध करवा दिया जायेगा. पुरुषोत्तम सिंह, मुखिया, मेघौल. गायत्री मंदिर परिसर में चल रहा उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेघौल कन्या का वर्ग

## लावारिस हालत में प्लेटफार्म नंबर 7 और 8 पर एक झोला में भारी मात्रा में शराब बरामद

**चाणक्य भूमि, बरौनी/ बेगूसराय**



पूर्व मध्य रेलवे सोनपुर मंडल के चर्चित बरौनी जंक्शन पर रेल पुलिस द्वारा अपने आला कमान के आदेश पर महिनो से चलाए जा रहे दूरगामी ट्रेनों में चलाए जा रहे जांच अभियान के तहत आज पुलिस को प्लेटफार्म नंबर 7 और 8 पर लावारिस हालत में रखे हुए एक झोला में भारी मात्रा में देसी और विदेशी शराब बरामद हुई। लेकिन शराब व्यापारी पुलिस के आंखों में धूल जोकर भाग जाने में सफल रहा। चर्चा है कि अबैध शराब तो पकड़े जाते हैं, परंतु व्यापार करने वाले व्यापारी पुलिस के को धूल झोंक कर भाग जाने में सफल रहता है ।

### हत्या का एक अभियुक्त दोषी करार, दो रिहा

**मंझौल, बेगूसराय**। एडीजे मंझौल डा. दिनेश कुमार प्रधान ने सत्रवाद संख्या 21/ 2006 में गुरुवार को हत्या के एक अभियुक्त को दोषी करार दिया तथा दो को रिहा कर दिया। चेरिया बरियारपुर थाना कांड संख्या 103/ 2004 के तीन अभियुक्तों पर धारा 302, 149, 354, 3 एवं 4 डायन एक्ट का आरोप था। चेरिया बरियारपुर थाना में सूचक धनेश्वरी देवी ने अभियुक्तों पर सिर मुड़ाकर नंगा कर डायन का आरोप लगाते हुए खींचकर ईंट पत्थर लाठी डंडा से पीटने का आरोप लगाया था। सूचक महिला धनेश्वरी देवी की इलाज के क्रम में मृत्यु हो गई। अपर लोक अभियोजक राकेश कुमार ने सात गवाहों की गवाही कराई। दो अभियुक्तों रामाशीष पासवान एवं अजय पासवान को कोर्ट ने रिहा कर दिया। सजा के बिंदु पर 30 मार्च को सुनवाई होगी।

# बरौनी रिफाइनरी में ऑनसाइट आपदा मॉक ड्रिल का किया गया आयोजन







**चाणक्य भूमि, बेगूसराय**

पीएनजीआरबी और अन्य वैधानिक निकायों के दिशानिर्देशों के अनुसार बरौनी रिफाइनरी में नियमित रूप से आपदा अभ्यास आयोजित किए जाते हैं। इस तरह के अभ्यास हर तिमाही में आयोजित किए जाते हैं और इसका उद्देश्य आपदा प्रबंधन प्रबंधन प्रणाली में कमियों का पता लगाना और साथ ही रिफाइनरी की आपदा प्रबंधन क्षमता में और सुधार करना है। Q4/2023-24 के लिए ऑनसाइट आपदा मॉक ड्रिल 28 मार्च 2024 को बरौनी रिफाइनरी में एमएस टैंक नंबरः 255 पूल फायर से/के रिसाव / टूटने के परिदृश्य पर आयोजित की गई थी। आग की सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां टैंक 255 के पास घटना स्थल पर पहुंचीं। स्थिति की गंभीरता के आकलन के बाद ईआरडीएमपी (आपातकालीन प्रतिक्रिया और आपदा प्रबंधन योजना) लागू की गई। ड्रिल सुबह 10:04 बजे शुरू की गई। लेवल 1 (बड़ी आग) का सायरन 10:13 बजे बजाया गया, जब पहली बार में भी स्थिति को नियंत्रित नहीं किया जा सका। इसके बाद, स्थिति में और वृद्धि होने पर कार्यपालक निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख के परामर्श के बाद सीआईसी (मुख्य घटना नियंत्रक) द्वारा ऑनसाइट आपदा घोषित की गई और लेवल-2 (ऑनसाइट) आपदा सायरन 10:25 बजे बजाया गया और ईआरडीएमपी के अनुसार तुरंत आपातकालीन आपदा प्रबंधन टीम कार्रवाई में आई। बिना किसी जान-माल के नुकसान के अंततः स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया। बरौनी रिफाइनरी की आपदा प्रबंधन टीम का नेतृत्व समग्र आपदा समन्वयक, श्री सत्य प्रकाश, कार्यपालक निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, बरौनी रिफाइनरी ने किया, और इसमें मुख्य घटना नियंत्रक श्री एस.के. सरकार, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीक), मानव संसाधन कल्याण और मीडिया समन्वयक डॉ. प्रशांत राउत, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन); सीआईसी के सलाहकार (रिफाइनरी परिचालन संबंधी मुद्दे) श्री एस.जी. वेंकटेश, मुख्य महाप्रबंधक (टीएस एवं एचएसई); और अन्य आपदा समन्वयक, सीआईएसएफ टीम, अग्नि एवं सुरक्षा दल आदि शामिल थे।उपरोक्त आपदा परिदृश्य को लगभग 11:01 बजे नियंत्रित किया गया और स्थिति का आकलन करने के बाद सीधे तौर पर ऑल क्लियर सायरन बजाया गया। ड्रिल में एचयूआरएल और एनटीपीसी बरौनी के पारस्परिक सहायता भागीदारों के अग्निशमन वाहनों ने भी भाग लिया। डीब्रीफिंग सत्र आपातकालीन नियंत्रण केंद्र में आयोजित किया गया था और सत्र की अध्यक्षता श्री सत्य प्रकाश, कार्यपालक निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, बरौनी रिफाइनरी ने की थी। डी-ब्रीफिंग सत्र बहुत अधिक इंटरैक्टिव था और वास्तविक घटना के मामले में बेहतर नियंत्रण के लिए सामने आए सभी अनुभवों और कमियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

# महिला के शव को सड़क पर रख परिजनों ने काटा बवाल



- चर्च रोड के एक निजी अस्पताल के बाहर परिजनों ने शव को रखकर घंटों बवाल काटा सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये GMCH भेजा। आपको बता दे कि परिजनों के द्वारा बताया गया कि मृत्तका का ईलाज लगभग दो महीने से गोरखपुर में चल रहा था जिसकी मौत हो गई और उसके मुआवजे के लिये उनके द्वारा ऐसा किया जा रहा है

चाणक्य भूमि बेतिया

**बेतिया** में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने नारायण हॉस्पिटल नाम के एक प्राइवेट क्लीनिक पर जमकर बवाल काटा जबकि मौत ईलाज के दौरान गोरखपुर में हुई बतायी जा रही है। घटना की सूचना पर पहुंची कालीबाग थाना की पुलिस ने आक्रोशित परिजनों को समझाकर मामले को शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। थानाध्यक्ष विवेक कुमार बालेंदु ने बताया कि मृतक की पहचान बैरिया के बेलबनवा निवासी मीरा देवी (55) के रूप में की गई है। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक ने गर्भाशय के ऑपरेशन के दौरान मीरा देवी की आंत काट दी थी। गोरखपुर में इलाज के दौरान बुधवार की रात उसकी मौत हुई है। इधर, गुरुवार को नाराज परिजनों ने निजी क्लीनिक के गेट पर शव रखकर जमकर हंगामा किया।

# परिवार कल्याण कार्यक्रम में बेहतर उपलब्धि पर जिले को आठ पुरस्कार

- अप्रैल 2023 से फ़रवरी 2024 तक 9418 हुआ महिला बंध्याकरण ,महिला बंध्याकरण में जिले का आया दूसरा स्थान

चाणक्य भूमि मोतिहारी

परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत पूर्वी चम्पारण जिले के स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा बेहतर कार्य करने पर डीपीएम, डीसीएम, डीडीए, डीएम& ईओ जीएनएम को प्रमंडल स्तर पर प्रसस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया है। डीपीसी भारत भूषण एवं पीएसआई इंडिया प्रबंधक अमित कुमार ने बताया की अप्रैल 2023 से फ़रवरी 2024 तक 9418 महिलाओं का बंध्याकरण जागरूकता के साथ किया गया, वहीं प्राइवेट एवं सरकारी मिलाकर 17 हजार 506 महिलाओ का बंध्याकरण हुआ, वहीं 37 पुरुष नसबन्दी की गईं। प्रसव उपरांत आइयूसीडी 8 हजार 245, आइयूसीडी4 हजार 189, प्रसव उपरांत 367 महिलाओ का बंधयाकरण किया गया, जिसके कारण प्रमंडल में जिला पूर्वी चम्पारण दूसरे स्थान पर आया है, और स्वास्थ्य कर्मियों के बीच जिले को कुल 08 अवार्ड प्राप्त हुए है। मोमेंटो और सर्टिफिकेट के साथ जिला स्वास्थ्य समिति के पदाधिकारीयों ने ख़ुशी व्यक्त किया।डीसीएम नन्दन झा एवं पीएसआई के जिला प्रबंधक अमित कुमार ने बताया कि जिले की बढ़ती आबादी पर रोक हेतु स्थायी अ स्थायी साधनों का उपयोग आवश्यक है। डीसीएम नंदन झा ने कहा की नसबंदी के लिए पुरुष लाभार्थी को 3000 रुपए एवं प्रेरक को प्रति लाभार्थी 300 रुपए प्रोत्साहन के तौर पर दिए जाने का प्रावधान है। जबकि महिला बांध्याकरण के लिए लाभार्थी को 2000 रुपए एवं प्रेरक को प्रति लाभार्थी 300 रुपए दी जाती है।









# छह दिन से लापता नाबालिक का शव बरामद

चाणक्यभूमि बेतिया



- बेतिया से 22 मार्च से लापता आठ वर्षीय मासूम का शव चंद्रावत नदी के किनारे से पुलिस पिकेट से महज कुछ दूरी पर बरामद हुआ है। इस घटना का मुख्य आरोपी उसका फुफेरा भाई उस्मान मियां है

ग्रामीणों के अनुसार अभी कुछ दिन पूर्व ही वह जेल से छूटकर आया है। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी फुफेरा भाई सहित चार को गिरफ्तार किया है। आपको बता दें कि परिजनों ने फुफेरा भाई पर दुष्कर्म कर हत्या करने का आरोप लगाया हैं। पुलिस ने इस मामले में फुफेरा भाई सहित चार को गिरफ्तार किया है। परिजनों ने बताया कि 22 मार्च को शाम 5 बजे बच्ची माइकल कॉलोनी स्थित अपने बुआ के घर पर इफ्तार लेकर गई थी। बीच रास्ते में से ही फुफेरा भाई उस्मान मियां उसे बहला फुसला कर अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म कर हत्या कर दी। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद गुमशुदगी का शिकायत थाने में दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद पुलिस हरकत में आई और बच्ची की खोज शुरू की। शहर में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया परंतु बच्ची का कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस द्वारा पूछताछ के क्रम में उसके फुफेरा भाई के निशानदेही पर उक्त बच्ची का शव चंद्रावत नदी के किनारे झाड़ी से बरामद किया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ के क्रम में आरोपी (मृतका के फुफेरा भाई ) के द्वारा अपने सहयोगियों के साथ पैसा उगाही के नियत से अपहरण किया गया था। जिसके पूर्ण नहीं होने की स्थिति में अभियुक्त का पहचान कहीं उजागर ना हो जाए उसके डर से बच्ची के साथ 22 मार्च के रात्रि में ही दुष्कर्म कर हत्या कर दिया गया था।

# इंटरमीडिएट परीक्षा में तान्या ने 88 तो तन्मय ने 86 प्रतिशत पाये

- इनकी सफलता पर शिक्षक राजीव कुमार व डीके सिंह ने जताई प्रसन्नता

सिद्धांत गुप्ता : मोतिहारी



बिहार बोर्ड के इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित हो चूका है,जिसमें मोतिहारी शहर के अवधेश चौक निवासी विनोद कुमार मिश्रा के पुत्री तान्या राज ने 500 नंबर में 443 नंबर 88.6 प्रतिशत अंक तो उनके पुत्र तन्मय राज ने 86.6 प्रतिशत 443 अंक लाकर दोनों ने कॉमर्स विषय में सफलता पाकर शहर के मुंशी सिँह महाविद्यालय व अपने गुरुजन कॉमर्स शिक्षक राजीव कुमार मिसकॉट व इंग्लिश के शिक्षक डीके सिँह एवं माता पिता का मान बढ़ाया है। कोचिंग के मेधावियों की इस सफलता पर कॉलेज से लेकर घरों तक लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। माता पिता ने बच्चों को सफलता पर मिठाई खिलाकर मुँह मीठा कराया। शिक्षक धर्मेंद्र कुमार सिँह ने बताया की छात्र छात्राओं को आगे की पढ़ाई व विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओ की तैयारी हेतु मार्गदर्शन किया जाएगा। छात्र- छात्राओं की सफलता पर परिवारजनों व सगे सम्बन्धियों सहित शिक्षक राजीव कुमार, डी के सिँह ने भी बधाई दी है ।
















# मीरा वर्मा उपमुखिया पद पर निर्विरोध निर्वाचित



चाण्क्य भूमि(कनकलता)

- मामला महनागनी पंचायत का

**बेतिया** । महानागन्री पंचायत के उपमुखिया पद पर वार्ड नं 4 की वार्ड सदस्य मीरा वर्मा पति सोनू वर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुई।प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी वरुण केतन ने बताया कि प्रखंड सभागार में उपमुखिया पद पर हुए निर्वाचन में 9 वार्ड सदस्य सदन में उपस्थित हुए। जिसमे एक नामांकन वार्ड सदस्य मीरा वर्मा द्वारा किया गया।जांचोपरांत उनको निर्विरोध घोषित कर दिया गया।13 वार्ड सदस्यों में मात्र 9 वार्ड सदस्य गोपालजी साह,अजय सिंह,प्रदीप साह,नईमा खातून,माया देवी,शांति देवी,अनिता देवी,संध्या देवी तथा मीरा वर्मा उपस्थित थे।इस अवसर पर जिला सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा ब्रजभूषण कुमार प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रंजन कुमार सिंह पंचायत सचिव दीपक कुमार दास आदि उपस्थित थे।निर्विरोध निर्वाचित होने पर मीरा वर्मा ने कहा कि मेरा प्रयास सबका साथ सबका विश्वास और सबका विकास का रहेगा।


# झोपड़ी पर गिरा बिजली का हाई टेंशन तार,झोपड़ी में लगी आग





चाण्क्य भूमि(कनकलता)

**बेतिया**।बैठनिया भानाचक पंचायत के वार्ड नम्बर 7 गुरचुरवा में शिकारपुर फीडर के हाईटेंशन बिजली का तार अचानक टूट कर उदेश यादव के घर पर गिर गया।तार में 11 हजार वोल्ट का पावर सप्लाई था।।बिजली का तार गिरने से अफरा तफरी मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना कनिय अभियंता रतन कुमार झां को दी । उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए बिजली आपूर्ति बंद करा दी जिससे एक बड़ा हादसा टल गया ।कनीय अभियंता श्री झा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया । मौके उपस्थित ग्रामीणों ने कनीय अभियंता पुराने तार को बदलने की मांग की । आग बुझाने में ग्रामीणों की उल्लेखनीय भूमिका रही।अन्यथा कई घर जलकर नष्ट हो जाता।इस घटना से ग्रामीणों में विभग्ग के प्रति आक्रोश है।



# पंच, सरपंच, मुखिया एवं वार्ड सदस्य ने लंबित मानदेय भुगतान करने की किया मांग

## त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों की समस्या समाधान हेतु जनप्रतिनिधि प्रशासन का हो संयुक्त बैठक - किरण देव यादव

चाणक्यभूमि संवाद सूत्र।



खगड़िया के जिला पंचायती राज पदाधिकारी राकेश रंजन से बिहार प्रदेश पंच सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह खगड़िया जिला अध्यक्ष किरण देव यादव के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल पंचायती राज कार्यालय में मिलकर त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों यथा पंच, उप सरपंच, सरपंच, वार्ड सदस्य, उप मुखिया, मुखिया, पंसस, उप प्रमुख, प्रमुख, जिला पार्षद, उप चेयरमैन, चेयरमैन का लंबित मानदेय जल्द भुगतान करने की मांग किया। श्री यादव ने कहा कि विगत सत्र का भी मानदेय लंबित है। जिससे स्थानीय जनप्रतिनिधि आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। डीपीआरओ राकेश रंजन ने अधीनस्थ कर्मी से स्थिति से अवगत होकर प्रतिनिधियों का मानदेय जल्द भुगतान करने का आश्वासन दिए। तथा बीपीआरओ, बीडीओ को मानदेय जल्द भुगतान के मुद्दे पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रतिनिधि मंडल में पंच सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष किरण देव यादव, जिला महासचिव मनोज कुमार, जिला सचिव रतन राम, उपाध्यक्ष रविंद्र यादव तथा मुखिया संघ के महासचिव मक्खन शाह ने जनप्रतिनिधियों की समस्या समाधान करने की ओर ध्यान आकृष्ट किया।

# पेबर ब्लॉक कार्य मे अनियमियता का आरोप



चाण्क्य भूमि(संबाददाता)

**बेतिया**। राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लाल सरैया में मनरेगा योजना से कराए जा रहे पेबर ब्लॉक कार्य में अनियमियता का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन करने वाले ग्रामीणों में पूर्व समिति सदस्य पति सत्यजीत दास गुप्ता , संजय दास , कालाचंद दास , निताई कर्मकार , शम्भु कर्मकार सहित अन्य के नाम उल्लेखनीय है। ग्रामीणों ने मानक के अनुसार काम करने की मांग की है।से कोसों दूर है एवं नियमों को ताक पर रखकर कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि मनरेगा योजना में पंचायत के ही मजदूरों को रोजगार देने का प्रावधान है। लेकिन पंचायत के मजदूरों को कार्य न देकर अमवा मझार पंचायत के मजदूरो से कार्य कराया जा रहा है ।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित । किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714